नवम मोन्टफोर्ट कप बास्केटबॉल टूर्नामेन्ट 2017–18

दिनांक 2 नवम्बर 2017 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय, पटेल नगर भोपाल में दो दिवसीय नवम मोन्टफोर्ट कप बास्केटबॉल टूर्नामेन्ट 2017–18 के दूसरे दिन बालक वर्ग के सेमी फाइनल मैच क्रमशः कैम्पियन स्कूल – सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल तथा मीठी गोविंदराम स्कूल – डी. पी. एस. के बीच खेले गए। जिसमें सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल और डी. पी.एस. स्कूल ने विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग में सेमी फाइनल सागर पब्लिक स्कूल – हेमा हायर सैकेण्डरी और सेंट जोसेफ कोएड स्कूल – संस्कार वैली स्कूल के मध्य हुआ जिसमें सागर पब्लिक स्कूल और सेंट जोसेफ को. एड. स्कूल ने विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया।

बालक वर्ग का फाइनल मैंच डी. पी. एस. स्कूल ने सेंट मोंटफोर्ट स्कूल को हरा कर जीता ।

बालिका वर्ग का फाइनल मैंच सागर पब्लिक स्कूल ने सेंट जोसफ कोएड स्कूल को हरा कर जीता ।

इस बास्केटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री विश्वास सारंग जी विधायक नरेला शंकरी, गैस राहत एवं पुनर्विकास सहकारिता मंत्री थे। विदयालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी ने मुख्य अतिथि महोदय जी का स्वागत पुष्प गुच्छ के माध्यम से किया। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरूस्कार **मास्टर अंशित**, डी. पी. एस. स्कूल को दिया गया।

बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरूस्कार शैलजा तिवारी सागर पब्लिक स्कूल को दिया गया।

मुख्य अतिथि महोदय ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने संदेश में विजेता टीमों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।